विशेषांक

हिंदी दैनिक

न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 18 देहरादून, मंगलवार, 05 जुलाई, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 32

धामी सरकार 2.0
सौ दिन 100%

दैनिक न्यूज़ वायरस

विकल्प रहित संकल्प के 100 दिन

tv न्यूज़ वायरस

Watch us on Youtube

संकल्प से सिद्धि के 100 दिन

“ मैं अपने प्रदेश की सवा करोड़ जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हम 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं और पूर्ण समर्पण भाव के साथ इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं ।

- पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री

“ एक करिश्माई नेता ..... एक युवा नेतृत्व .... एक खुशमिज़ाज़ विधायक और संकल्प से सिद्धि का स्वप्न साकार करते हुए लोकप्रियता के शिखर की और बढ़ते युवा मुख्यमंत्री , नाम है

-पुष्कर सिंह धामी

अब से ठीक सौ दिन पहले 23 मार्च 20222 को देवभूमि में एक चमत्कार हुआ था। यही वो दिन था जब हार कर जीतने वाले जादूगर पुष्कर के हाथों में लगातार दूसरी बार प्रदेश की सत्ता सौंपी गयी थी। उस दिन उत्तराखंड में कई रिकॉर्ड बने थे , कई मिथक टूटे थे। देहरादून का परेड ग्राउंड देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में गवाह बन रहा था एक ऐसे चीफ मिनिस्टर के उदय का जिसको आने वाले कई दशकों तक पहाड़ की सियासत के करिश्माई धाकड़ धामी के नाम पर याद किया जायेगा।

याद कीजिये प्रधानमंत्री मोदी का वो ऐतिहासिक संबोधन जिसमें उन्होंने कहा था कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा। प्रधानमंत्री की इस सोच को सूत्र वाक्य मानकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बीते 100 दिनों में एक अनुभवी और प्रभावशाली मुख्यमंत्री की तरह सधे कदमों से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इस सौ दिनों के कार्यकाल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ऐसी कई फैसले कर चुके हैं जो भविष्य में उत्तराखंड की तरक्की में मील का पत्थर साबित होंगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूसरे कार्यकाल का 100 दिन बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इस दिन एक बार फिर सीएम धामी ने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की प्रतिबद्धता जताई है । उन्होंने कहा, ‘‘हमारी सरकार के 100 दिन विकास, समर्पण और प्रयास के रहे हैं। जनता ने हम पर जो विश्वास दिखाया, उस पर हमारी सरकार खरा उतरेगी। हमने 100 दिन में अच्छा कार्य किया है और आगे भी अच्छा कार्य करने के साथ नया कीर्तिमान बनायेंगे।’’

मुख्यमंत्री ने 100 दिन के कामकाज का ज़िक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपेक्षानुसार 2025 तक उत्तराखंड को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिये सभी के सहयोग से काम किया जा रहा है और समृद्ध तथा आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपने हर वादे को पूरा करने में जुटे हैं।

समानता : राज्य में समान नागरिक संहिता लागू होगी

सख्ती : भ्रष्टाचार के लिए धामी सरकार में कोई स्थान नहीं

सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के मंत्र पर आगे बढ़ेंगे

राज्य का भविष्य सुनहरा बनाते ये हैं धामी सरकार के शानदार फ़ैसले -

एक नज़र में

- जीरो टॉलरेंस और पारदर्शिता के साथ विकल्प रहित संकल्प को बनाई प्राथमिकता
- गुणवत्ता की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई का फैसला
- भव्य केदारपुरी के निर्माण के साथ ही श्री बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत निर्माण में तेज़ी
- धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु ठोस मास्टर प्लान पर तेज़ हुआ कार्य
- गोल्ज्यू सर्किट को विकसित करने के लिए सुनियोजित प्लान बनाने का फैसला
- जनता मिलन कार्यक्रम के ज़रिये लोगों की समस्याएं का हो रहा तेज़ी से निस्तारण
- प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने के लिए “विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी” को बढ़ावा देने का फैसला
- पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने का फैसला
- इकोलॉजी और इकोनॉमी में समन्वय बनाकर प्रदेश में विकास को दी रफ़्तार
- उत्तराखंड में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं को दी रफ़्तार
- अधिकारियों को प्रत्येक कार्य को सुनियोजित ढंग से करने के लिए निर्देशित
- कुमाऊं में विरासत सर्किट और ऋषिकेश को एक ‘इंटरनेशनल आइकोनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन’ बनाने का फैसला
- गांव-गांव को रोड कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए रोड निर्माण को तेज़ करने का फैसला
- चमोली-गोपेश्वर नगर पालिका को एक आदर्श नगर पालिका बनाने का फैसला
- पत्रकार पेंशन की धनराशि 5000 से बढ़ाकर 8000 करने का फैसला

'विकल्प रहित संकल्प' के साथ धामी सरकार 2.0 का धुआंधार शतक और मुख्यमंत्री धामी का 1 साल बेमिसाल

जिस दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी उस दिन यही वो भरोसा था जो पीएम मोदी ने युवा सीएम धामी के प्रति जताया था। आज सौ दिन के छोटे से कार्यकाल में जिस तरह का धाकड़ नेतृत्व मुख्यमंत्री धामी ने किया है वो बता रहा है कि सुरक्षा से समृद्धि की इस यात्रा को जिस तरह से पहले अल्प कार्यकाल में आगाज़ किया था उस लक्ष्य को अब दूसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूरे पांच साल तक जारी रखते हुए उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और सशक्त राज्य बनाने के साथ-साथ देश में विकास के हर मानक पर नम्बर एक बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। आज धामी सरकार की दूसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो रहे हैं। उत्तराखंड सरकार के सौ दिनों के कामकाज के रिपोर्ट कार्ड पर गौर करें तो आपको ऐसे कई फैसले मिलेंगे, जो , साहसिक हैं और ऐतिहासिक भी

करिश्माई मुख्यमंत्री धामी के सौ दिन का यह सफर विकास के कई अहम फैसलों और दूरगामी योजनाओं के आगाज़ से भरा रहा है। आइये एक नज़र डालते हैं धामी सरकार के 100 दिन में लिए गए उन बेहतरीन और चुनिंदा फैसलों पर एक नज़र , जिसकी बुनियाद पर आकार ले रहा है आत्मनिर्भर उत्तराखंड -

यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट से किया आगाज़ : धामी सरकार पार्ट 2 का आगाज़ हुआ एक साहसिक निर्णय से जहाँ भाजपा के दृष्टिपत्र में किये गए वादे को पूरा करते हुए सीएम धामी ने यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट के लिए कमेटी बनाने के अपने वादे को पूरा कर दिया है। धामी 2.0 सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिये विशेषज्ञों की समिति बनाई जाएगी... इसके बाद न्यायविदों, सेवानिवृत्त जजों, समाज के प्रबुद्धजनों और अन्य स्टेकहोल्डर्स की एक कमेटी गठित की गयी जो कि उत्तराखंड राज्य के लिये यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार कर रही है।

प्रशासनिक सुधार और सुशासन पर फोकस : उत्तराखंड की युवा धामी सरकार की बीते सौ दिनों की उपलब्धि की फेहरिस्त लम्बी है। इस अवधि में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक्शन मोड में दिखे , उनका फोकस प्रशासनिक सुधार और सुशासन पर रहा। जीरो टॉलरेंस और पारदर्शी प्रशासन को लेकर उन्होंने खुद दफ्तरों में छापेमारी कर अफसरों के बीच सख्त संदेश भी दिया। साथ ही कई कड़े फैसलों से भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया। भ्रष्टाचारियों की सीधी शिकायत के लिए भ्रष्टाचार मुक्त एप-1064 भी लॉन्च किया तो वहीँ 'NO MEETING DAY' रखने का निर्णय मुख्यमंत्री धामी माना गया जिसमें रचनात्मक प्रयोग करते हुए सन्देश दिया कि उनकी सरकार सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के मूलमंत्र पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में सीएम धामी ने सचिवालय में सप्ताह में एक दिन 'NO MEETING DAY' रखने का निर्णय लिया है, इस दिन अधिकारी आमजन की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान कर रहे हैं।

वृहद स्तर पर चल रहा वेरिफिकेशन का काम : मुख्यमंत्री धामी जानते हैं कि देश बीते कुछ दिनों में किस तरह की चुनौतियों से दो चार हो रहा है। साम्प्रदायिक सौहार्द हो या देवभूमि में शांति सुरक्षा के साथ लॉ एन्ड आर्डर को मजबूत बनाना हो , हर मंच से मुख्यमंत्री ने साफ़ और सख्त सन्देश दिया कि देवभूमि पर्यटक प्रदेश ज़रूर है लेकिन अपराधियों की शरणस्थली हरगिज़ नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से जुड़े प्रदेश को सुरक्षित बनाये रखने और अराजक तत्वों का राज्य में प्रवेश रोकने के लिए उन्होंने प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर नागरिकों का सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए जिसके बाद पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर नागरिकों का वेरिफिकेशन किया गया।

चार धाम यात्रा के सफल आयोजन का प्रबंधन किया : कौन यकीन करेगा कि जिस केदारनाथ को जल प्रलय ने तहस नहस कर दिया था उस केदारपुरी को आज प्रधानमंत्री के निर्देशन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पुनर्निर्माण के बाद दिव्यता और भव्यता के साथ रिकॉर्डतोड़ श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। सड़क , परिवहन , स्वास्थ्य और बेहतरीन प्रबंधन से आज विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा में एक महीने में ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए भारी संख्या में यात्री पहुँच रहे हैं। इन ज़िम्मेदारियों के बीच लगातार मुख्य सचिव और स्थानीय प्रशासन की निगरानी में भव्य व दिव्य केदारपुरी के साथ साथ मास्टर प्लान के अंतर्गत बद्रीनाथ धाम में विकास कार्य हो रहे हैं। मकसद है कि पर्यटकों और धार्मिक यात्रियों को आने वाले दिनों में बेहद सुगम और सुरक्षित यात्रा व्यवस्था दी जा सके। मौजूदा चार धाम यात्रा में धामी सरकार ने अभूतपूर्व इंतज़ाम करते हुए वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों को चार धाम यात्रा व्यवस्था की ज़िम्मेदारी दी है। जिसका नतीज़ा है कि आज उत्तराखंड को भारी राजस्व के साथ स्टेट की ब्रांडिंग में भी काफी मुनाफ़ा हो रहा है।

मानसखंड मंदिर माला मिशन की शुरुआत: कुमाऊं के प्राचीन मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखंड मंदिर माला मिशन की शुरुआत जल्द होने वाली है... मिशन मायापुरी के अंतर्गत हरिद्वार को योग की अंतरराष्ट्रीय राजधानी और विश्व में आध्यात्मिक पर्यटन के लिये सबसे बड़े स्थलों के रूप में बदलने के लिये उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण का रोडमैप तैयार किया जा

रहा है। वहीँ शैव सर्किट और महाभारत सर्किट पर भी धामी सरकार ने अहम योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है।

वृद्धावस्था पेंशन को लेकर लिया ऐतिहासिक फैसला: मुख्यमंत्री धामी ने पहले सौ दिन में जनहित से जुड़े कई कल्याणकारी फैसले भी लिए हैं... जिसमें उत्तराखंड में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत अब पात्र पति व पत्नी दोनों को लाभ मिल सकेगा.. इतना ही नहीं वृद्धावस्था, निराश्रित विधवा भरण पोषण अनुदान तथा दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत प्रदत्त दर 1200 रुपये प्रतिमाह में 200 रुपये की वृद्धि की गई है... अब इनमें प्रतिमाह 1400 रुपये पेंशन प्राप्त होगी... स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दे रहे हजारों पर्यावरण मित्रों का एक दिन का मानदेय बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। बीते दिनों धामी सरकार ने पत्रकार पेंशन की धनराशि 5000 से बढ़ाकर 8000 करने की घोषणा की है।

फोरलेन हाईवे और मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण: वहीं, बुनियादी सुविधाओं के विकास पर भी मुख्यमंत्री धामी लगातार ध्यान दे रहे हैं। उनकी मजबूत पहल पर केंद्र सरकार ने एनएच-72 के पांवटा साहिब-बल्लूपुर (देहरादून) खण्ड के उन्नयन और फोर लेन के निर्माण के लिये 1093.01 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति दी है। पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना का खाका तैयार कर लिया गया है।

Pushkar Singh Dhami
Chief Minister,
Uttarakhand
Satpal Maharaj
PWD Minister,
Uttarakhand
VT-UAB
Resident Commissioner Office Uttarakhand
The creation of BRIDCUL stands as testimony to the Government of Uttarakhand's commitment to provide a strong, credible and proactive institutional mechanism for leveraging private sector initiatives for Infrastructure Development.
BRIDCUL
सर्वत्र विकासाय :
बिडकुल
ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट
कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

दैनिक न्यूज़ वायरस **विकास के 100 दिन**

यही संकल्प यही इरादा, पूरा करेंगे हर वादा

सतपाल महाराज

लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, संस्कृति, धर्मस्व , ग्रामीण निर्माण एवं जलागम प्रबंधन मंत्री

उत्तराखंड सरकार में कद्दावर और प्रभावशाली मंत्रियों की बात करें तो कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का नाम पहले आता है। महाराज के प्रभाव का अंदाज़ा उनके पास मौजूद भारी भरकम विभागों की फेरहिस्त से हो जाता है । मंत्री महाराज उत्तराखंड की चौबट्टाखाल विधानसभा सीट से दूसरी बार विधायक है। विश्व स्तर पर अपनी दार्शनिक विचारधारा से आध्यात्मिक गुरु की छवि बनाने वाले धामी सरकार में पर्यटन और पीडब्ल्यूडी मंत्री सतपाल महाराज उत्तराखंड की राजनीति में कद्दावर नेता है। पहाड़ की राजनीति से इतर उनकी एक पहचान संत के रूप में भी है। दुनिया के तमाम देशों में उनके करोड़ों भक्त हैं। छात्र जीवन से ही उनकी दार्शनिक छवि रही है और आज न सिर्फ सियासत में बल्कि आध्यात्मिक की दुनिया में भी एक प्रतिष्ठित शख्सियत है सतपाल महाराज।

प्रदेश की मौजूदा पुष्कर सरकार में इन्हे सबसे प्रभावशाली मंत्री माना जाता है। यही नहीं अपनी तेजतर्रार छवि , सख्त कार्यशैली और अनुभवी कार्य क्षमता की वजह से लोक निर्माण मंत्री महाराज अक्सर चर्चाओं में भी आ जाते है क्योंकि कभी ये अचानक विभागों में निरीक्षण करने पहुंच जाते है तो कभी विभागीय मीटिंग में अफसरों की लापरवाही पर बरस पड़ते हैं। बावजूद इसके सतपाल महाराज ने बीते सौ दिनों में अपने सभी महकमों में बेहतरीन योजनाए बनाई और प्रदेश हित में अनेक फैसले किये है जो आने वाले सालों में उत्तराखंड की सुनहरी तकदीर की बुनियाद बनेगा। आइये नज़र डालते है कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के 100 दिन के कुछ चुनिंदा महत्वपूर्ण फैसलों और उपलब्धियों पर -

- लोक निर्माण विभाग / पर्यटन / संस्कृति विभाग की योजनाओं में आई तेजी , फाइलों ने पकड़ी रफ्तार
- बीते 100 दिनों में PWD की कार्यशैली और जवाबदेही को बनाया प्रभावीसभी पुलों का सेफ्टी ऑडिट कर रिपोर्ट तैयार करने के दिए निर्देश
- बिना वित्तीय स्वीकृति के किसी कार्य को अप्रूव ना करने का सख्त निर्देश किया जारी
- मॉनसून सीजन में सड़कों के नुकसान को रोकने के लिए नालियों का निर्माण
- स्मार्ट सिटी, शहरी विकास विभाग, पर्यटन, सिंचाई और लोक निर्माण विभाग का बना तालमेल
- प्रदेश भर में तकरीबन 600 पुल का सेफ्टी ऑडिट कराने का दिया आदेश
- जहां रोपवे संभव नहीं है, वहां पर फर्नीकुलर रेल योजना पर हो रहा कार्य
- फ्लोटिंग हाउस के निर्माण , होमस्टे का व्यापक प्रचार प्रसार , विंटर टूरिज्म को बढ़ावा स्टाइल सुपर मॉडल पर फोकस
- त्रियुगीनारायण को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का फैसला
- सतपुली एवं स्यूंसी का कॉन्सेप्ट नोट तैयार कर सिंचाई विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश
- मानसून से पूर्व सभी नदियों की ड्रेजिंग करवाने के निर्देश
- बाढ़ चौकियां स्थापित कर लोगों को बाढ़ संबंधित जानकारी की पूर्व सूचना देने का आदेश
- लोक निर्माण विभाग को सड़कों की गुणवत्ता की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित करने का आदेश संस्कृति विभाग के गढ़ी कैंट में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम को शानदार स्वरूप देने के निर्देश
- उत्तराखंड में ललित कला साहित्य कला संगीत नाट्य कला खोलने का प्रस्ताव तैयार आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर गढ़वाली, कुमाऊंनी एवं जौनसारी गीतों को तैयार कराने का आदेश सर्वश्रेष्ठ गीतों के लिए प्रथम पुरस्कार ₹2 लाख, द्वितीय पुरस्कार ₹1 लाख और तृतीय पुरस्कार ₹50 हजार गीतकारों को देने का आदेश सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग में रिक्त पदों को तत्काल भरने का आदेश
- बांध प्रभावित 415 विस्थापितों के पुनर्वास के लिए धनराशि वितरण के आदेश
- टिहरी झील के किनारे तार बाड़ करने के लिए भी निर्देश

चार धाम यात्रा की अभूतपूर्व कामयाबी का मास्टर प्लान हुआ सफल

दो साल के बाद आयोजित हो रही देवभूमि की आर्थिकी के सबसे बड़े आयोजन चार धाम यात्रा को सुखद , सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए मुख्यमंत्री धामी और पर्यटन मंत्री महाराज ने एक एक विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए लगातार मॉनिटरिंग की। यात्रा मार्गों को सुगम बनाया और स्थानीय व्यापारियों को सभी ज़रूरी मदद पहुंचाई। जिसकी वजह से देश दुनिया से आ रहे तीर्थयात्रियों की संख्या ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पर्यटन मंत्री महाराज के निर्देश पर चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों और यात्रा को सुगम बनाने वाले बेजुबान प्राणियों के लिए स्वास्थ्य परिक्षण की व्यवस्था देते हुए खान पान और गर्म पानी उपलब्ध कराये गए। केदारनाथ और बद्रीनाथ

दैनिक न्यूज़ वायरस

में हो रहे पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी आई और यात्रा मार्गों को सुगम बनाने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण भी किया गया है। जिसकी वजह से आज पर्यटन प्रदेश में आने वाले यात्रियों का सफर सुगम और सुरक्षित बन गया है। केदारनाथ धाम मार्ग में विभिन्न जगहों पर भारत के वीर सपूत और देश के प्रथम रक्षा प्रमुख यानी चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत के नाम के सेल्फी प्वाइंट बनाने की घोषणा भी सैन्य धाम की पहचान को आगे बढ़ाने में मंत्री सतपाल महाराज का एक बड़ा फैसला है।

कांवड़ यात्रा पर बरसेंगे आसमान से फूल :

उत्तराखंड में हरिद्वार सहित अनेक ऐसे शिव धाम है जहाँ बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़िये पहुँचते है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शिव भक्त है ऐसे में इस बार कांवड़ यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए खास इंतजाम किये जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री महाराज ने बताया है किकांवड़ यात्रा को सफल रूप से संपन्न कराने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। देवभूमि में कांवड़ यात्रियों के लिए धामी सरकार ने खास तैयारी भी की है। बीते साल की तरह इस बार भी यात्रियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा द्वारा की जाएगी।

हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देगा पर्यटन को नई उड़ान

धामी सरकार के सौ दिनों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है प्रदेश की ब्रांडिंग का बढ़ता दायरा .. देवभूमि की करीब दो साल बाद कोरोना से सामान्य हुई स्थिति को देखते हुए एक बार फिर से उत्तराखण्ड में सभी पर्यटन गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। तीन मई से शुरू हुई विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में रिकॉर्डतोड़ तीर्थयात्रियों की संख्या उत्तराखंड सरकार की कामयाब तैयारियों की वजह से ही मुमकिन हो सकी है। वहीं अब पर्यटन मंत्री महाराज ने उत्तरकाशी जिले में गरतांग गली का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा है कि भारत-तिब्बत व्यापार की गवाह रही नेलांग घाटी में स्थित ऐतिहासिक गरतांग गली की सीढ़ियों का देश दुनिया के पर्यटक दीदार कर रहे हैं।इसी के साथ उन्होंने हर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंच से बीटल्स आश्रम और चोपता जैसे पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दे रहे हैं। पहाड़ों में हरिद्वार में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा विकसित किया जा रहा है और पर्यटकों के बीच होमस्टे और स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखंड सरकार के प्रयासों की भी मैंने विस्तार से जानकारी दी।राज्य के संपूर्ण विकास हेतु हम संकल्पबद्ध है।

पर्यटन से मिलेगा रोज़गार - योजनाओं की है भरमार -

बेरोजगारी को खत्म करना भी उत्तराखंड सरकार का बड़ा लक्ष्य है। इसीलिए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की कोशिश है कि राज्य के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा स्व रोजगार से जोड़ने के लिए योजनाएं बनायी जाए। उन्होंने बताया कि राज्य में पर्यटन विभाग की ओर से वीर चन्द्र गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, होम स्टे योजना, उत्तराखंड ग्रामीण पर्यटन उत्थान योजना, ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर , होम स्टे अनुदान योजना सहित तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आईपीई ग्लोबल कंसल्टेंसी के माध्यम से उत्तराखंड पर्यटन विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। 13 डिस्ट्रिक्ट 13 नवीन थीम बेस्ट डेस्टिनेशन के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए प्रमुख योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हरिद्वार में दीनदयाल पार्किंग से चंडी देवी तक रोपवे निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। हरिद्वार में रोपवे बन जाने के बाद चंडी देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे सेवा, राज्य गठन के बाद पहली महत्वपूर्ण रोपवे परियोजना है जिसका सफलतापूर्वक निर्माण राज्य पर्यटन विभाग द्वारा किया गया है।

होम स्टे की सफल योजना से जुड़ेंगे खाली पड़े स्कूल

होम स्टे योजना की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषणों में की है। पहाड़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ साथ रोज़गार के मौके उपलब्ध कराने में उत्तराखड के पर्यटन मंत्री महाराज का ये विजन हिट ही नहीं सुपरहिट साबित हुआ है। पर्यटकों के बीच होम स्टे और स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने की दिशा मे दीनदयाल होमस्टे योजना के तहत स्थानीय लोगों को होमस्टे स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है तो वहीं अब राज्य में खाली पड़े स्कूलों को होम स्टे में बदलने का प्रयास है। ट्रेकिंग के रूट पर आने वाले इन खाली पड़े स्कूलों को होम स्टे में बदले जाने से राज्य में पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा।

सड़क निर्माण और बाढ़ नियंत्रण पर ज़ोर -

उत्तराखंड सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से बांध से संबंधित आपदाओं को रोकने के लिए डैमों की सुरक्षा पर योजना बना रही है। जिसके लिए राष्ट्रीय और राज्य लेवल पर गठित कमेटी की गतिविधियों पर मंथन किया जा रहा है। राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना को तेजी से धरातल पर उतारते हुए उच्च गुणवत्ता की सड़कें तैयार की जा रही है। कार्य संस्कृति को पारदर्शी बनाने के साथ साथ लापरवाह अधिकारीयों को सख्त चेतावनी भी दी जा रही है। यही वजह है कि विकास योजनाओं को रफ़्तार मिली है और पिछले सौ दिनों में अभूतपूर्व निर्माण कार्य कराये गए है। हरिद्वार में कनखल, भोगपुर, गंगादासपुर होकर बालावाली तक गंगा के पुस्तों के समानांतर बनने वाली सड़क प्रथम चरण के कार्यों की शुरुआत हो गई है। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत इस सड़क के प्रथम चरण के कार्यों जैसे भूमि की व्यवस्था, सर्वेक्षण, डीपीआर गठन के लिए 32.50 किलोमीटर लंबाई के लिए 97.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।फीका नदी एवं ढेला नदी के संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा कार्य पूर्व में भी कराए जाते रहे है, जिनसे इन नदियों के किनारे स्थित कृषि भूमि और आवासीय बस्ती को सुरक्षा प्रदान की जाती रही है। इसके अतिरिक्त समय समय पर आवश्यकतानुसार इन नदियों के संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाएं गठित की गयी है।

पंचायतों को मजबूती देने के लिए एसीआर का दिया अधिकार

पंचायतीराज मंत्री के तौर पर पहले सौ दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर सतपाल महाराज का वो एलान है जिसमें उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रमुख बीडीओ की एसीआर लिखा करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि पंचायतों को मजबूत करने के लिए दीनदयाल मिनी सचिवालय का पंचायतों में गठन होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश काम दीनदयाल मिनी सचिवालय में भी हो सकेंगे। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन समेत कई दस्तावेज दीनदयाल मिनी सचिवालय में ही बनेंगे।

उत्तराखंड बन रहा फिल्म शूटिंग का पसंदीदा डेस्टिनेशन

उत्तराखंड में फिल्म नीति के तहत कई आकर्षक सुविधाएं दी जा रही हैं। राज्य में अपनी फिल्म परियोजनाओं के लिए आने के इच्छुक निर्माताओं और निवेशकों के लिए अधिक से अधिक बुनियादी ढांचे को सुविधाजनक बनाने और विकसित करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। मुंबई में स्थापित बड़े प्रोडक्शन हाउस से जुड़े निर्माता निर्देशक लगातार उत्तराखंड की वादियों में बड़े स्टार वाली फिल्में शूट कर रहे हैं और खुद पर्यटन विभाग लगातार फिल्म जगत के दिगज हस्तियों के साथ मीटिंग्स और कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। जिसका नतीजा है कि बीते कुछ ही महीनों में तमाम बड़े अभिनेता - अभिनेत्रियां उत्तराखंड पहुंची हैं। पर्यटन मंत्री कहते हैं कि धामी सरकार का उद्देश्य फिल्म शूटिंग के लिए उत्तराखंड को एक आदर्श गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है ऐसे में उनकी सरकार देवभूमि उत्तराखंड में फिल्मकारों को आमंत्रित करने का लगातार प्रयास कर रही है।

इस दिशा में फिल्मकारों को बेहतर सुविधाएं देने की कोशिश की जा रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि पर्यटन की दृष्टि से सबकी पसंद उत्तराखंड अब फिल्मों की शूटिंग में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और भी बड़ी संख्या मेंफिल्मकार उत्तराखंड में निवेश करेंगे।

दैनिक
न्यूज वायरस
न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002
email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

हिंदी दैनिक न्यूज़ वायरस

देहरादून, मंगलवार, 05 जुलाई, 2022

पहाड़ों में रोपवे, टनल, भवनों और पुलों का निर्माण ब्रिडकुल की कामयाबी का नमूना है

भूमि उत्तराखंड एक अद्भुत पर्यटन प्रदेश है , एक ऐसी भूमि है जहां देश प्रदेश के सैलानी साल भर यहां आते हैं और कुदरत के नजारों को निहारते हैं। देश के पर्वतीय राज्यों में उत्तराखंड की अपनी अहमियत है , अपनी गरिमा है। यही वजह है कि पुष्कर राज में उत्तराखंड के विकास को रफ़्तार देने के लिए विकल्प रहित संकल्प को साकार किया जा रहा है।

राज्य के युवा धामी सरकार के कंधों पर है अतिथि देवो भव की भावना को सफल और साकार करने की बड़ी जिम्मेदारी ... यही वजह है कि सरकार के सभी अंग और महत्वपूर्ण विभाग मिलकर पर्यटन प्रदेश में सुखद और सुगम यात्रा के लिए सतत प्रयत्नशील है। राज्य सरकार के अभिन्न और महत्वपूर्ण सहयोगी संस्थाओं में बेहद अहम भूमिका निभा रहा है ब्रिज रोपवे टनल एन्ड अदर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलोपमेन्ट कारपोरेशन ऑफ़ उत्तराखंड यानि ब्रिडकुल

ब्रिडकुल एक ऐसी संस्था है जिस के कंधों पर प्रदेश में विकास की गाड़ी को सरपट दौड़ने की जिम्मेदारी है। लिहाजा विभाग का हर कर्मचारी और हर अधिकारी अपने राज्य की ब्रांडिंग और मजबूत बिल्डिंग निर्माण में बेहद गंभीर और पारदर्शी जिम्मेदारी निभा रहा है । प्रदेश के लोक निर्माण विभाग पर्यटन और पंचायती राज का महत्वपूर्ण विभाग संभाल रहे अनुभवी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का विजन है कि निर्माण और अवस्थापना के क्षेत्र में उत्तराखंड का बहुमुखी विकास हो , जिससे यहां आने वाले सैलानियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़कर उनकी आर्थिकी और समृद्धि के रास्ते को संवारा जा सके। बीते 100 दिनों की उपलब्धियों की बात करें तो लोक निर्माण विभाग के मंत्री सतपाल महाराज ने राज्य में चल रहे निर्माण कार्यो को तेजी से संपन्न करने के निर्देश दिए तो वही विभाग की जवाबदेही तय करते हुए पारदर्शिता और भ्रष्टाचार रहित कार्य प्रणाली को विकसित करने का भी निर्देश दिया।

उत्तराखंड सरकार की बड़ी और महत्वपूर्ण घोषणाओं को तय मानक और समय से साकार करते हुए प्रदेश में ब्रिडकुल आज एक ऐसे महत्वपूर्ण विभाग के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है जो प्रदेश की तस्वीर और तस्वीर को संभालने में पहली पंक्ति में खड़ा है।

2022 में जब से प्रदेश में युवा पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने कामकाज संभाला है पहले दिन से लेकर पहले 100 दिन तक राज्य सरकार के विकल्प रहित संकल्प को साधने के लिए हर विभाग ने अपनी जिम्मेदारी को निभाने की पूरी कोशिश की है। इसकी वजह है धामी सरकार का पारदर्शिता पर जोर और विभागीय मंत्री सतपाल महाराज का तय समय में जवाबदेही के साथ योजनाओं के विकास की रफ्तार पर सख्त नजर ... प्रदेश में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करने और विकास के इसी विजन को साकार करने में ब्रिडकुल लगातार अपनी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ संपन्न कर रहा है

प्रदेश में सरकारी स्कूल , अस्पताल , भवन , छात्रावास , विभागीय कार्यालय और पुलों के साथ तमाम अवस्थापना को मजबूती और खूबसूरती के साथ साकार कर रहा है ब्रिडकुल , भला कौन भूल सकता है पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयर स्ट्रिप का वह मजबूत निर्माण जिसे संभव कर दिखाया था ब्रिडकुल ने

आईएचएम देहरादून के गर्ल्स हॉस्टल की खूबसूरत इमारत हो या सूचना का अधिकार आयोग का आलीशान भवन या राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की इमारत यही नहीं अगर आपको ब्रिडकुल की काबिलियत को करीब से देखना है तो देहरादून विधानसभा की एनेक्सी बिल्डिंग को जरूर देखिए जो बताता है कि ब्रिडकुल के अनुभवी अधिकारियों की काबिलियत ने किस तरह से राज्य सरकार के सपनों को आकार दिया है उन्हें साकार किया है

अपनी काबिलियत और पारदर्शी निर्माण कार्यों के लिए अनेकों उपलब्धियां हासिल करते हुए आज ब्रिडकुल ने जिस तरह से निर्माण के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई उसी का नतीजा है कि आज बड़े पैमाने पर पहाड़ों में रोप वे , टनल , और पुलों का निर्माण ब्रिडकुल की टीम के द्वारा किया जा रहा है।

टिहरी जिले के नैनबाग में डिग्री कॉलेज का निर्माण और बेहद चुनौतियों भरे रुद्रप्रयाग जिले में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्यों का आधार तैयार करना हो , अगस्त मुनि इलाके में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज और अनेक गवर्नमेंट इंटर कॉलेज का निर्माण बताता है कि ब्रिडकुल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्तराखंड का एक प्रतिष्ठित ब्रांड है और जिसके कंधों पर उत्तराखंड में निर्माण और विकास की मजबूत जिम्मेदारी है। सितारगंज में सितारगंज डिग्री कॉलेज , जुवेनाइल एंड माइनर जेल , महिला जेल , बाजपुर में डिग्री कॉलेज की साइंस बिल्डिंग और बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कर ब्रिडकुल ने अपने हुनर का परिचय दिया है। अल्मोड़ा में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट , सोमेश्वर में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज और प्रदेश के तमाम इलाकों में पॉलिटेक्निक और गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण करने में भी ब्रिडकुल ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। अगर आपको ब्रिडकुल की भव्य इमारतों का दीदार करना है तो आइए पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री भरसार की भव्य इमारत को देखकर अनुभवी अधिकारियों और मेहनतकश इंजीनियरों के काबिलियत का नमूना नज़र आ जायेगा।

दरअसल इस सफलता के पीछे है ब्रिडकुल के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और अधिकारियों का वो वर्ग जिनके पीछे है लंबा प्रशासनिक और फील्ड का अनुभव ,इंडियन आर्मी , पीडब्ल्यूडी , रेलवे एनएचआई और कारपोरेट के वरिष्ठ पूर्व अधिकारियों के समावेश से बना है ब्रिडकुल का ढांचा। यही वजह है कि ब्रिडकुल को अपने हर प्रोजेक्ट में अलग-अलग क्षेत्रों के कुशल विशेषज्ञों का अनुभव मिलता है और तब जाकर साकार होता है उत्तराखंड सरकार का सपना और जिसका शिल्पकार है ब्रिडकुल

कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों और कुशल प्रबंधकों की मेहनत का ही नतीजा है कि आज लगातार आगे बढ़ते हुए नई सोच के साथ राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की ओर कामयाब कदम बढ़ा रहा है ब्रिडकुल जहाँ अनुभवी इंजीनियरों की टीम है तो वही प्रयोग के लिए लैब्स की सुविधा है जहां अधिकारी और कर्मचारी अपने मिशन को पूरी लगन और निष्ठा के साथ साकार करने में जुटे हैं। आज ब्रिडकुल अपने शानदार उपलब्धियों की इमारत पर नए कीर्तिमान और नए आयाम स्थापित कर रहा है।

हिंदी दैनिक न्यूज़ वायरस

देहरादून, मंगलवार, 05 जुलाई, 2022

वन मंत्रालय ने लिए अभूतपूर्व फैसले, पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता : सुबोध उनियाल (वन मंत्री)

उत्तराखंड की पुष्कर सरकार ने अपने शानदार 100 दिन के कार्यकाल को पूरा कर लिया है। अपने कड़े प्रशासनिक प्रबंधन और कल्याणकारी फैसलों की वजह से धामी सरकार ने प्रचंड बहुमत को सार्थक साबित करने में भी कामयाबी हासिल की है। देवभूमि को वनों और प्राकृतिक सौंदर्य की धरती कहते हैं ऐसे में उत्तराखंड वन विभाग के 100 दिनों की उपलब्धियां बेहद खास और अहम हो जाती है आपको बता दें कि उत्तराखंड सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री और नरेंद्र नगर से विधायक सुबोध उनियाल प्रदेश के वन मंत्री का जिम्मा संभाल रहे हैं ऐसे में अनुभव और बेहतरीन प्रशासनिक प्रबंधन के माहिर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने बीते 100 दिनों में केंद्र सरकार के विजन और युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मिशन को आगे बढ़ाते हुए संकल्प से सिद्धि की ओर कामयाबी के साथ विभाग को आगे बढ़ाया है फिर वह चाहे वनों में बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को खत्म करना हो या जंगलों में लग रही आग पर काबू करते हुए एक प्रभावशाली योजना तैयार करनी है कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने पहाड़ के हर जिले से लेकर मैदान के हर शहर तक वन महकमे को मजबूती प्रदान करते हुए पारदर्शिता के साथ योजनाओं को आगे बढ़ाने में अधिकारियों को तमाम बड़े दीजिए जिन्हें हम इंसानों की उपलब्धियों में शामिल कर रहे हैं

सुबोध उनियाल, वन मंत्री बोले, विकास परक योजनाओं में वन विभाग किसी भी प्रकार की अड़चनें पैदा नहीं करेगा... हर गांव को सड़क की जरूरत है... वन संरक्षण और रोज़गारपरक योजनाओं के क्षेत्र में भी सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है... वनों को बचाना आवश्यक है, जिसके लिए सरकार गांव स्तर पर जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की संयुक्त वन प्रबंधन समिति बनाने की

दिशा में काम कर रही है।

2022 विधानसभा में प्रचंड बहुमत के साथ संकल्प से सिद्धि का मंत्र लेकर युवा पुष्कर सिंह धामी ने कुर्सी संभाली और उनके तमाम मंत्रियों ने अपने अपने मंत्रालयों के लिए बेहतरीन योजनाएं और जनहितकारी फैसले लिए हैं। यहाँ हम बात कर रहे हैं उत्तराखंड वन विभाग के 100 दिनों के लेखा-जोखा की , जहां धामी सरकार में वन मंत्री सुबोध उनियाल की उपलब्धियों पर हम नजर डाल रहे हैं।

- ❖ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वन क्षेत्र में लगभग 14 हज़ार 300 हेक्टेयर में 1. 25 करोड़ पौधों के रोपण हेतु समस्त आवश्यक कार्यों को अंतिम रूप दिया गया है
- ❖ राज्य के टूरिज्म डेस्टिनेशन को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों के दोनों ओर लगभग 36 किलोमीटर में वृक्षारोपण कार्य हुआ
- ❖ बायो फेंसिंग यानी जैविक घेरबाड़ - जंगली जानवरों विशेषकर जंगली सूअर और जंगली हाथी से फसल की सुरक्षा के लिए परंपरागत पत्थरों की दीवार के विकल्प के रूप में वानस्पतिक विधि से जैविक घेरबाड़ यानी बायोफेन्सिंग का निर्णय
- ❖ प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत चार धाम यात्रा के विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित कर हटाया गया
- ❖ ईको टूरिज्म एवं अन्य वन एवं वन्य जीव आधारित गतिविधियों के माध्यम से अतिरिक्त आजीविका के अवसर प्रदान किए गए
- ❖ वनाग्नि प्रबंधन में विभिन्न स्टेकहोल्डरों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए को वनाग्नि के नुकसान को अत्यधिक सीमित किया गया
- ❖ अनुसंधान औषधीय एवं जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं संकटापन्न प्रजातियों के गुणवत्ता युक्त पौध / रोपण सामग्री की आपूर्ति तथा विभिन्न पादप समूहों , ऑर्किड , फन , बांस रिंगाल और लाइकेन के संरक्षण एवं अनुसंधान में उत्तराखंड को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से 26 जैव विविधता संरक्षण स्थल स्थापित किए गए
- ❖ देश का पहला देवबन चकराता , क्रिप्टोगेमिक गार्डन व सडियाताल नैनीताल मॉस गार्डन
- फॉरैस्ट हीलिंग सेंटर रानीखेत , अनुसंधान रेंज रानीखेत
- ❖ चमोली के मंडल में आर्केड संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र तथा माणा में उच्च स्तरीय हर्बल गार्डन
- ❖ मुंस्यारी पिथौरागढ़ में बुरांश संरक्षण एवं प्रदर्शन क्षेत्र , लाइकेन गार्डन , संकटापन्न प्रजाति संरक्षण स्थल , चौकोडी में उच्च स्तरीय औरबोरटम , लुंगती में आर्केड संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र
- ❖ ष्टवर्ग प्रदर्शन व संरक्षण केंद्र उत्तरकाशी
- ❖ बायोडायवर्सिटी पार्क हल्द्वानी नैनीताल में
- ❖ लाल कुआं नैनीताल में फाइकस गार्डन , जल स्वास्थ्य वाटिका , दशमूल गार्डन , सगंध प्रजाति संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र
- ❖ ज्योलीकोट नैनीताल में शिवालिक आरबोरेटम
- ❖ रानीखेत के कालिका में फर्न संरक्षण व प्रदर्शन क्षेत्र , द्वारसी में घास प्रजाति संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र तथा हिमालयी मसालों का प्रदर्शन केंद्र
- ❖ श्यामपुर हरिद्वार में प्रकृति ध्यान केंद्र
- ❖ कैंपा योजना के अंतर्गत प्रदेश में क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं अन्य वृक्षारोपण ,सूख रहे जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन , वनाग्नि प्रबंधन हेतु सेंटर की स्थापना , उत्तरकाशी में देश के पहले स्नो लेपर्ड कंजर्वेशन सेंटर की स्थापना , इको टूरिज्म के विकास
- ❖ जैव विविधता संरक्षण हेतु वाकिंग ट्रेल्स , वन पंचायतों के माध्यम से पंचायती वनों में वानिकी कार्य , केचमेंट एरिया ट्रीटमेंट प्लान के अंतर्गत विभिन्न उपचार कार्य आदि की योजना तैयार कर भारत सरकार को भेजी गई है...

दैनिक न्यूज़ वायरस **विकास के 100 दिन**

विकास मेरा जूनून , जनसेवा मेरा संकल्प : सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड

उत्तराखंड की जनता ने 2022 में जिस उम्मीद के साथ दोबारा धामी सरकार पर भरोसा जताया है उस पर युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी कैबिनेट के तमाम मंत्री आगे बढ़ रहे हैं। बीते 100 दिनों में सरकार ने सख्त अनुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि प्रदेश के अनुभवी मिनिस्टर और नरेंद्र नगर से वरिष्ठ विधायक सुबोध उनियाल ने कह दिया है कि भ्रष्ट अधिकारी वीआरएस ले लें क्योंकि धामी सरकार विभागों में सुधार की प्रक्रिया को सख्ती से आगे बढ़ा रही है , जिसमें लापरवाह और करप्ट अफसरों के बचने की कोई गुंजाईश नहीं रहेगी। इस दिशा में उन्होंने सख्त निर्णय भी लिए हैं। वहीं चार धाम यात्रा में बदरीनाथ धाम के प्रभारी के तौर पर भी कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने बेहतरीन प्रबंधन किया है जिसमें उनके लम्बे अनुभव और कुशल प्रशासनिक क्षमता नज़र आती है। वहीं वन विभाग को प्रभावी बनाने के लिए बीते सौ दिनों में बड़े पैमाने पर बैठकें , निरीक्षण और स्थलीय दौरे कर प्रगति की रफ़्तार को बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

आइये कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के 100 दिनों के विभागीय निर्णयों/उपलब्धियों पर डालते हैं एक नज़र

- विभाग की कमान संभालते ही भ्रष्ट अफसरों पर कार्यवाही का लिया सख्त फैसला
- विभागों को भ्रष्टाचार मुक्त और जनता के लिए सुलभ बनाने के लिए किये सख्त फैसले
- प्रदेश में वन कानूनों की आड़ में लोगों का उत्पीड़न रोकने के दिए आदेश
- वन विभाग के लापरवाह और भ्रष्ट अधिकारियों पर की गयी सख्त कार्यवाही
- जांच के बाद 2 आईएफएस अधिकारियों को किया निलंबित, एक को किया अटैच
- जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की संयुक्त वन प्रबंधन समिति बनाने का फैसला
- रसूखदारों लोगों के अतिक्रमण से कब्जाई गई वन भूमि को मुक्त कराने की पहल
- तकनीकी शिक्षा विभाग में नियमित नियुक्तियां करने का फैसला
- तकनीकी शिक्षा विभाग में सुधार के हर संभव प्रयास के दिए आदेश
- उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 17वीं बैठक में लिए गए बड़े निर्णय
- सोनप्रयाग से श्री केदारनाथ धाम एवं गोविंदघाट से श्री हेमकुंड साहिब रोपवे के लिए वन भूमि हस्तांतरण का फैसला
- तकनीकी शिक्षा में व्यापक सुधार को लेकर तकनीकी शिक्षा में सुधार का फैसला
- राजकीय भेड़ एवं बकरी अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन व कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला का निर्माण
- वन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं को प्रभावी बनाने पर ज़ोर
- नरेंद्रनगर विकासखंड कीग्राम सभाओं में विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 25 लाख रुपए की स्वीकृति
- प्रदेश में जायका परियोजना की अवधि दो वर्ष बढ़ने से योजनाओं का फायदा
- उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन (जायका) परियोजना की प्रगति
- वन क्षेत्रों में भूस्खलन की रोकथामआजीविका विकास, जल व मृदा संरक्षण जैसे कार्य में सफलता
- जल संरक्षण से संबंधित कार्यों को अधिक महत्व देने की योजना को प्रभावी बनाया
- आजीविका विकास के मद्देनजर पौधालयों की स्थापना करने का फैसला
- वन पंचायतों में जल एवं मृदा संरक्षण संबंधी कार्यों से कृषि एवं सिंचाई व्यवस्था में सुधार
- टिहरी जिले के काणाताल में कौड़िया इको ट्रेल का शुभारंभ
- नरेंद्र नगर में केन्द्रीय विद्यालयके लिए स्वीकृत भूमि पर कार्य शुरू
- कार्बेट नेशनल पार्क केविभागीय कार्य-कलापों में पारदर्शिता और योजनाओं पर मंथन
- राज्यांतर्गत टेरिटोरियल व नॉन-टेरिटोरियल वन पर कार्य योजना
- ढिकाला एवं कालागढ़ रेंज का में सुविधाओं और व्यवस्था बढ़ाने का आदेश
- पिथौरागढ़ में पर्यटन गन्तव्य केंद्र विकसित किये जाने हेतु ट्यूलिप लैंडस्केप विकसित किये जाने का फैसलाप्रदेश में वनाग्नि और अतिक्रमण की रोकथाम के लिए लिए गए अहम और कारगर फैसले

देवभूमि उत्तराखंड का विकास और प्रदेशवासियों की खुशहाली ही हमारा लक्ष्य है। जिसके लिए दिन रात कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाया जा रहा है। बीते सौ दिनों में हमने हर वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया है। धामी सरकार ने इस दौरान कई विकास योजनाएं संचालित की हैं , जिसका लाभ सभी को मिल रहा है।

-सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड

वन मंत्रालय ने लिए अभूतपूर्व फैसले पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सुबोध उनियाल
वन मंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखंड की पुष्कर सरकार ने अपने शानदार 100 दिन के कार्यकाल को पूरा कर लिया है। अपने कड़े प्रशासनिक प्रबंधन और कल्याणकारी फैसलों की वजह से धामी सरकार ने प्रचंड बहुमत को सार्थक साबित करने में भी कामयाबी हासिल की है। देवभूमि को वनों और प्राकृतिक सौंदर्य की धरती कहते हैं ऐसे में उत्तराखंड वन विभाग के 100 दिनों की उपलब्धियां बेहद खास और अहम हो जाती है आपको बता दें कि उत्तराखंड सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री और नरेंद्र नगर से विधायक सुबोध उनियाल प्रदेश के वन मंत्री का जिम्मा संभाल रहे हैं ऐसे में अनुभव और बेहतरीन प्रशासनिक प्रबंधन के माहिर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने बीते 100 दिनों में केंद्र सरकार के विजन और युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मिशन को आगे बढ़ाते हुए संकल्प से सिद्धि की ओर कामयाबी के साथ विभाग को आगे बढ़ाया है फिर वह चाहे वनों में बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को खत्म करना हो या जंगलों में लग रही आग पर काबू करते हुए एक प्रभावशाली योजना तैयार करनी है कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने पहाड़ के हर जिले से लेकर मैदान के हर शहर तक वन महकमे को मजबूती प्रदान करते हुए पारदर्शिता के साथ योजनाओं को आगे बढ़ाने में अधिकारियों को तमाम बड़े दीजिए जिन्हें हम इंसानों की उपलब्धियों में शामिल कर रहे हैं।

विकास परक योजनाओं में वन विभाग किसी भी प्रकार की अड़चनें पैदा नहीं करेगा... हर गांव को सड़क की जरूरत है... वन संरक्षण और रोजगारपरक योजनाओं के क्षेत्र में भी सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है... वनों को बचाना आवश्यक है, जिसके लिए सरकार गांव स्तर पर जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की संयुक्त वन प्रबंधन समिति बनाने की दिशा में काम कर रही है सुबोध उनियाल, वन मंत्री

2022 विधानसभा में प्रचंड बहुमत के साथ संकल्प से सिद्धि का मंत्र लेकर युवा पुष्कर सिंह धामी ने कुर्सी संभाली और उनके तमाम मंत्रियों ने अपने अपने मंत्रालयों के लिए बेहतरीन योजनाएं और जनहितकारी फैसले लिए हैं। यहाँ हम बात कर रहे हैं उत्तराखंड वन विभाग के 100 दिनों के लेखा-जोखा की , जहां धामी सरकार में वन मंत्री सुबोध उनियाल की उपलब्धियों पर हम नजर डाल रहे हैं।

विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वन क्षेत्र में लगभग 14 हजार 300 हेक्टेयर में 1. 25 करोड़ पौधों के रोपण हेतु समस्त आवश्यक कार्यों को अंतिम रूप दिया गया है
राज्य के टूरिज्म डेस्टिनेशन को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों के दोनों ओर लगभग 36 किलोमीटर में वृक्षारोपण कार्य हुआ
बायो फेंसिंग यानी जैविक घेरबाड़ – जंगली जानवरों विशेषकर जंगली सूअर और जंगली हाथी से फसल की सुरक्षा के लिए परंपरागत पत्थरों की दीवार के विकल्प के रूप में वानस्पतिक विधि से जैविक घेरबाड़ यानी बायोफेन्सिंग का निर्णय
प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत चार धाम यात्रा के विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित कर हटाया गया
ईको टूरिज्म एवं अन्य वन एवं वन्य जीव आधारित गतिविधियों के माध्यम से अतिरिक्त आजीविका के अवसर प्रदान किए गए
वनाग्नि प्रबंधन में विभिन्न स्टेकहोल्डरों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए को वनाग्नि के नुकसान को अत्यधिक सीमित किया गया
अनुसंधान औषधीय एवं जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं संकटापन्न प्रजातियों के गुणवत्ता युक्त पौध व रोपण सामग्री की आपूर्ति तथा विभिन्न पादप समूहों, अ०र्किड, फन, बांस रिंगाल और लाइकेन के संरक्षण एवं अनुसंधान में उत्तराखंड को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से 26 जैव विविधता संरक्षण स्थल स्थापित किए गए
देश का पहला देवबन चकराता, क्रिप्टोगेमिक गार्डन व सडियाताल नैनीताल म०स गार्डन
फ०रेस्ट हीलिंग सेंटर रानीखेत, अनुसंधान रेंज रानीखेत
चमोली के मंडल में आर्केड संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र तथा माणा में उच्च स्तरीय हर्बल गार्डन
मुंस्यारी पिथौरागढ़ में बुरांश संरक्षण एवं प्रदर्शन क्षेत्र, लाइकेन गार्डन, संकटापन्न प्रजाति संरक्षण स्थल, चौकोडी में उच्च स्तरीय औरबोरटम, लुंगती में आर्केड संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र
अष्टवर्ग प्रदर्शन व संरक्षण केंद्र उत्तरकाशी
बायोडायवर्सिटी पार्क हल्द्वानी नैनीताल में लाल कुआं नैनीताल में फाइकस गार्डन, जल स्वास्थ्य वाटिका, दशमूल गार्डन, सगंध प्रजाति संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र, ज्योलीकोट नैनीताल में शिवालिक आरबोरेटम रानीखेत के कालिका में फर्न संरक्षण व प्रदर्शन क्षेत्र, द्वारसी में घास प्रजाति संरक्षण व प्रदर्शन केंद्र तथा हिमालयी मसालों का प्रदर्शन केंद्र
श्यामपुर हरिद्वार में प्रकृति ध्यान केंद्र
कैंपा योजना के अंतर्गत प्रदेश में क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं अन्य वृक्षारोपण,सूख रहे जल स्रोतों के पुनर्जीवन, वनाग्नि प्रबंधन हेतु सेंटर की स्थापना, उत्तरकाशी में देश के पहले स्नो लेपर्ड कंजर्वेशन सेंटर की स्थापना, इको टूरिज्म के विकास
जैव विविधता संरक्षण हेतु वाकिंग ट्रेल्स, वन पंचायतों के माध्यम से पंचायती वनों में वानिकी कार्य, केचमेंट एरिया ट्रीटमेंट प्लान के अंतर्गत विभिन्न उपचार कार्य आदि की योजना तैयार कर भारत सरकार को भेजी गई है...

उत्तराखण्ड वन विभाग

उत्तराखंड वन विभाग, देहरादून

HQ Address: 85, Rajpur Road, Dehradun, Uttarakhand, India. Email: itgc-forest-uk@nic.in

दैनिक न्यूज़ वायरस विकास के 100 दिन

देहरादून स्मार्ट सिटी मिशन ने पकड़ी रफ्तार, जल्द खत्म होगा आपका इंतज़ार

भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक है देहरादून , सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को संजोये उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी देहरादून को मिनी हिन्दुस्तान भी कहते हैं। हिमालय और शिवालिक पर्वत क्षेत्र की तलहटी में स्थित दून शहर को नागरिकों के लिए अधिक सुविधा संपन्न , सुरक्षित और हाईटेक बनाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, जिस देहरादून शहर को स्मार्ट सिटी मिशन में सूचीबद्ध किया गया था इस साल वो देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड स्मार्ट सिटीज इंडिया अवाड्र्स-2022 की सेफ सिटी श्रेणी में अवार्ड भी जीत चुका है। आज उत्तराखंड की धामी सरकार में शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में देहरादून स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट तेज़ी से विकास की तरफ बढ़ रहा है।

उत्तराखंड सरकार ही नहीं केंद्र की मोदी सरकार का मेगा प्रोजेक्ट है स्मार्ट सिटी , ऐसे में डबल इंजन की सरकार में तेज़ी से हो रहा है स्मार्ट सिटी बनाने का निर्माण कार्य ... तो आइये आपको रूबरू कराते हैं देहरादून स्मार्ट सिटी के उद्देश्यों और कुछ ऐसे फैक्ट्स से जिसको जानने की जिज्ञासा हर दूनवासी के मन में ज़रूर होगी।

आपको यहाँ पहले बता दें कि चरण 4 में देहरादून को स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के हिस्से के रूप में घोषित किया गया था, और भारत सरकार द्वारा चुने गए 100 स्मार्ट शहरों में से एक था। 2017 में शहर को सूची में शामिल किया गया था, और स्मार्ट सिटी मिशन का स्थापना दिवस 25 जून 2019 को हुई थी। स्मार्ट सिटी मिशन भारत सरकार की एक साहसिक और नई पहल है जिसका उद्देश्य भारत के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार करना है। हालांकि, देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना का उद्देश्य देहरादून के नागरिकों के लिए बुनियादी ढांचा, एक स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण, स्मार्ट समाधान अनुप्रयोग और गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करना है।

आपको बताते हैं देहरादून स्मार्ट सिटी का क्या है उद्देश्य –

परियोजना का उद्देश्य शहर के लिए बुनियादी ढांचागत विकास प्रदान करना है

नागरिकों के लिए कर भुगतान, ई-गवर्नेंस आदि जैसे 'स्मार्ट' एप्लिकेशन समाधान प्रदान करें

राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

लोगों के लिए जीवन की एक सुरक्षित और सभ्य गुणवत्ता सुनिश्चित करना। इसे सुनिश्चित करने के लिए, अमृत, हृदय, स्वच्छ भारत, प्रधान मंत्री आवास योजना - सभी के लिए आवास (शहरी) और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसे विभिन्न अन्य प्रमुख मिशन भी योगदान करते हैं।

शहर के सतत विकास पर ध्यान दें। स्मार्ट सिटी मिशन देहरादून में 60 में से
द स
वार्ड शामिल हैं।

देहरादून स्मार्ट सिटी की कार्यान्वयन एजेंसी –

परियोजना को लागू करने के लिए, एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी), देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड (डीएससीएल) को भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत शामिल किया गया है। देहरादून के संवेदनशील और बिहार सक्रीय आईएएस अधिकारी डॉ आर राजेश कुमार एसपीवी के सीईओ और निदेशक हैं। जिनके अनुभव और सक्रीय कार्यशैली से आज देहरादून स्मार्ट सिटी का प्रोजेक्ट तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

देहरादून स्मार्ट सिटी के तहत चल रही अहम परियोजनाओं पर एक नज़र –

स्मार्ट शौचालयः इस परियोजना के तहत, डीएससीएल का लक्ष्य तीन परिसरों - महिलाओं और विकलांगों के साथ सात नए शौचालयों का निर्माण करना है। इन स्मार्ट शौचालयों का कुल क्षेत्रफल 665 वर्ग फुट होगा जिसमें सफाई और भुगतान संग्रह के लिए स्वचालित सुविधाएँ होंगी। साथ ही महिलाओं की सुविधा के लिए एक चाइल्ड केयर रूम बनाया जाएगा।

स्मार्ट मल्टी यूटिलिटी डक्ट्सः घर की बिजली और टेलीफोन केबल के लिए स्मार्ट सड़कों के किनारे मल्टी यूटिलिटी डक्ट्स का निर्माण किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसी भी मरम्मत कार्य के लिए बार-बार होने वाली खुदाई को कम करना है। हवाओं और तूफान से होने वाले नुकसान के कारण बार-बार रुकावट से बचने के लिए सभी बिजली के तार भी भूमिगत हो जाएंगे।

जल आपूर्ति वृद्धिः जल वितरण नेटवर्क के पुनर्गठन के लिए प्रस्तावित है, जो लगभग।36 कि.मी. नेहरू कॉलोनी में तीन नलकूप बदले जाएंगे, जो परेड ग्राउंड, दिलाराम चौक पर ओवरहेड टैंकों को भरते हैं। साथ ही, पानी की उपलब्धता में सुधार के लिए कुछ नए नलकूपों का निर्माण किया गया है। तहसील क्षेत्र में पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जायेगा.

सीवेज लाइन परियोजना : क्षेत्र का पुनर्गठन या सीवरेज सिस्टम को बदलने

आम लोगों को स्मार्ट सिटी के किए जा रहे कार्यों से किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और स्मार्ट सिटी के कार्यों में तेजी लाइ जाए ताकि इन विकास कार्यों का लाभ जनता को मिल सके... स्मार्ट सिटी के सभी काम तय समय पर पूरा करने के साथ ही उन्हें जनता के लिए व्यावहारिक बनाया जाए। पीपीपी मोड पर स्मार्ट पोल का काम इस साल दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं "

- प्रेमचंद अग्रवाल , कैबिनेट मंत्री

सबका भारत, निखरता भारत

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

प्रेमचंद अग्रवाल,
शहरी विकास एवं आवास मंत्री



देहरादून स्मार्ट सिटी मिशन ने पकड़ी रफ्तार, जल्द खत्म होगा आपका इंतजार

डॉ.आर. राजेश कुमार
सीईओ

206 ट्यूबवेल को अपग्रेड किया जा रहा है। नगर निगम को दो जटायु मशीन, दो स्वीपिंग मशीन, एक कॉम्पैक्टर, दो ड्रैन क्लीनिंग मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही दो कॉम्पैक्टर, 20 हाकर टीपर, 20 ई–कार्टेज, की मशीन पांच दिए जाने के निर्देश दिए गए है।

अभी तक स्मार्ट स्कूल, वाटर एटीएम, ई कलक्ट्रेट, इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सिस्टम परियोजना पूर्ण हो चुकी है। डीआईसीसी के माध्यम से ५०० सीसीटीवी कैमरों, स्मार्ट टायलेट, दून लाईब्रेरी, स्मार्ट जल आपूर्ति संर्वद्धन का काम चल रहा है। घंटाघर से दिलाराम चौक, बहल चौक से आराघर, प्रिंस चौक से आराघर, घंटाघर से किसान नगर मार्ग पर स्मार्ट सिटी के प्रस्तावित काम चल रहे है। यहां पर मल्टी यूटीलिटी डक, ड्रेनेज, सीवर और जल आपूर्ति के काम होने हैं।

सदैव दून
ICCC - Dehradun Smart City Ltd.

देहरादून स्मार्टसिटी लिमिटेड, देहरादून

का काम किया जाएगा। देहरादून स्मार्ट सिटी के लिए सीवर नेटवर्क डिजाइन किया गया है, और कुछ नई सीवर लाइनें भी बनाई गई हैं।

स्मार्ट स्कूल: स्मार्ट स्कूल में आभासी कक्षाएं, डिजिटल सामग्री, स्कूल प्रबंधन प्रणाली, पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी और बायोमेट्रिक उपस्थिति शामिल हैं।

स्मार्ट वाटर सप्लाई स्काडा सिस्टमः सभी गैर-घरेलू कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्मार्ट मीटर में ऑटोमैटिक मीटर रीडिंग की सुविधा होगी। रिमोट मीटर रीडिंग डिवाइस को फिट किया जाएगा और इसमें सॉफ्टवेयर आधारित बिल जनरेशन सिस्टम होगा। इसका उद्देश्य पानी की खपत को विनियमित करना, पानी के अनुशासन को लागू करना और आप जो उपभोग करते हैं उसके लिए भुगतान करना है।

दून लाइब्रेरी में स्मार्ट सॉल्यूशंस : अटैचिंग टैग, बुक ड्रॉप स्टेशन, स्मार्ट कार्ड की जानकारी, सेल्फ-चेक-इन / आउट सेंटर और एंटी-थेफ्ट अलार्म वाले आरएफआईडी गेट जैसे स्मार्ट सॉल्यूशंस लगाए जाएंगे।

शासकीय भवन में सौर ऊर्जा समाधान एवं वर्षा जल संचयन : हरित भवन को कुल 1100 किलोवाट भार दिया जाएगा। भवन के कुल कनेक्टेड लोड के 5% के साथ नवीन नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियां स्थापित की जाएंगी। कुल भार सौर पैनलों के माध्यम से उत्पन्न होगा, जो ऊर्जा का एक नवीकरणीय स्रोत है, जिसे छत पर स्थापित किया जाएगा।

